

## आधार पंजीयन में लगने वाली शुल्क में संशोधन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार आधार पंजीयन पर आधार कार्य हेतु लगने बाली राशि की दरों में संशोधन किया गया है। यूआईडीए द्वारा एक अक्टूबर से 30 सितम्बर 2028 तक के लिए निर्धारित आधार पंजीयन की दरें जारी की गई हैं।**

तदनुसार नये आधार कार्ड जनरेशन तथा 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु में अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन नि:शुल्क रहेगा। साथ ही अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट 7 से 15 वर्ष और 17 वर्ष से अधिक के लिये 125 रुपये, जनसांख्यिकीय अद्यतन के साथ या उसके बिना अन्य बायोमेट्रिक के लिये 125 रूपये, जनसांख्यिकीय अद्यतन एक या अधिक फ़ील्ड के लिये 75 रूपये, आधार केंद्र और माई आधार पोर्टल पर पीओए और पीओआई अपडेट के लिये 75 रुपये, ई-केवाईसी का उपयोग करके आधार खोजें/आधार खोजें/किसी अन्य डिवाइस से ए-4 शीट पर रंगीन प्रिंटआउट लेने के लिये 40 रुपये शुल्क निर्धारित की गई है।

इसके साथ ही घर पर नामांकन सेवाओं के लिए शुल्क 700 जीएसटी सहित होगा और यह शुल्क आधार में जनसांख्यिकीय/बायोमेट्रिक अपडेट के लिए लागू सामान्य शुल्क के अतिरिक्त लिया जाएगा।

# शासकीय जिला अस्पताल के शौचालय में मिला अधेड़ का शव

पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर किया पंचनामा तैयार

शिनाख्त के लिए अस्पताल में रखा गया वृद्ध का शव





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यालय पर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय की सुरक्षा पर आए दिन उंगलियां उठने लगी हैं। बीते दिनों एक नवजात शिशु मिलने से जिला अस्पताल प्रबंधन पर लोगों ने सवाल खड़े किए थे जिसमें पुलिस ने संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनसे पूछतांछ की थी। यह मामला अभी शांत नहीं हुआ और शनिवार को जिला चिकित्सालय के शौंचालय में एक अधेड़ का शव मिलने से एक बार फिर जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

दरअसल शनिवार को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के पास स्थित शौंचालय में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी का माहौल देखने को मिला है। इस घटनाक्रम को लेकर जिला चिकित्सालय में उपचार ले रहे मरीजों से लेकर उनके परिजन और अस्पताल के कर्मचारी तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

इस घटनाक्रम की सूचना पर तत्काल ड्यूटी डॉक्टर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को उठाकर उसकी जांच कराई तो पता लगा कि संबंधित की मौत हो चुकी है। मृतक की पहचान अस्पताल में मौजूद लोगों से कराई गई लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। डॉक्टरों और वार्ड बॉय की मदद से शव को शौचालय से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमॉर्टम रूम में शिनाख्त के लिए अस्पताल में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान करने और घटना की जांच में जुट हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास करती रही। मुख्यालय पर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय की सुरक्षा पर आए दिन उंगलियां उठने लगी हैं। बीते दिनों एक नवजात शिशु मिलने से जिला अस्पताल प्रबंधन पर लोगों ने सवाल खड़े किए थे जिसमें पुलिस ने संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनसे पूछतांछ की थी। यह मामला अभी शांत नहीं हुआ और शनिवार को जिला चिकित्सालय के शौंचालय में एक अधेड़ का शव मिलने से एक बार फिर जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल इन दिनों मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है जिसके चलते मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में अस्पताल की लापरवाही भी आए दिन सामने आ रहीं है। यहां उपचार लेने वाले मरीज बताते हैं कि अस्पताल में चिकित्सक समय से नहीं आते हैं।

### पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगा कारणों का खुलासा

शनिवार को शासकीय जिला अस्पताल में मिले अधेड़ के शव को लेकर लोग जहां तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं वहीं मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि जानकारी में पता चला है कि मृतक चेकअप कराने अस्पताल आया था। इसी दौरान वह टॉयलेट गया और वहीं पर उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। फिलहाल उसका शव पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## शिक्षा में सुधार के लिए किए जा रहे जरूरी प्रयास



**नवभारत न्यूज पलेरा। ग्रामीण स्तर में शिक्षा के सुधार के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था द्वारा अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है।**

जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत सभी समुदाय में कक्षा 1-2 के बच्चों की माताओं, अभिवावकों के समूह निर्माण किए गए। समूह में एक लीडर माता को चुना जाता है जो अन्य सदस्य माताओं का बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करती है। प्रत्येक माह अभिभावक सहभागिता मासिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उनके बच्चों के स्तर में कैसे सुधार होगा कैसे दक्षताएं प्राप्त कर पाएंगे उस पर चर्चा कर प्लान किया जाता है।

प्रथम संस्था से ब्लॉक पलेरा में कार्यरत देव सिंह लोधी, रविकांत प्रजापति, विजय सिंह, जितेंद्र कुमार प्रजापति एवं रोशनी यादव है और जिला से जिला समन्वयक आशीष त्रिपाठी के सहयोग से लीडर माता को आइडिया कार्ड, वर्कशीट दी जाती है जिससे वह अपने घर पर बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करती हैं। जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत सभी समुदाय में स्वयंसेवक द्वारा कक्षा-3-5 व 6-8 के बच्चों के लिए कैंप टू क्लब कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिसके लिए स्वयंसेवक को साहित्य दिया जाता है और स्वयंसेवक को शिक्षा के बदले शिक्षा ईएफई कोर्स सिखाया जा रहा है। जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत कार्यों की जानकारी को समय समय पर साथ साझा कर आगामी प्लान तैयार किया।

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव पर बांटी मिठाईयां



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर की सुभाषपुरम कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने बधाई गीत गाए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। जन्मोत्सव के बाद कृष्ण पूजन किया गया और उपस्थित भक्तों में मिठाइयों का वितरण हुआ।**


महाराज ने कथा के दौरान महाराज ययाति के चंद्रवंशी वंश का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ययाति के बड़े पुत्र यदु हुए, और उन्हीं के वंश में श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्णपक्ष अष्टमी को रात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। महंत ने आगे बताया कि श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कंस के कारागार के द्वार अपने आप खुल गए और वहां मौजूद सभी सैनिक मूर्छित होकर गिर गए। इसके बाद वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को एक टोकरी में रखकर यमुना नदी पार कर नंद बाबा के यहां माता यशोदा की गोद में छोड़ आए। वे वहां से माता यशोदा के यहां जन्मी कन्या को लेकर वापस कारागार आ गए। कंस को जब अपनी बहन देवकी के आठवें शिशु के जन्म की सूचना मिली, तो वह कारागार पहुंचा। उसने बिना देखे ही उस कन्या शिशु को दीवार पर मारने का प्रयास किया।

## भुगतान योजना के हो रहे पंजीयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। इस हेतु किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया है तथा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।**

भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत कोई किसान अपनी सोयाबीन फसल को कृषि उपज मण्डी में विक्रय करेगा तो न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर विक्रय करता है तो सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा विक्रय मूल्य/मॉडल मूल्य के अंतर की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में भुगतान करेगी। योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल का विक्रय करने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराने हेतु कृषकों की सुविधा के लिये जिले में पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इसके साथ ही पंजीयन व्यवस्था के अलावा किसान भाई स्वयं व मोबाईल/कम्प्यूटर से ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कर सकते है। शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। इस हेतु किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया।

## मृत बच्ची के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। क्षेत्र के बड़ागांव धसान थाना अंतर्गत बुधवार दोपहर से लापता 4 साल की बच्ची गंगा का शव एक कुएं में मिला। बच्ची पिछले 48 घंटे से लापता थी। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है। हालांकि पुलिस इस मामले में गहन जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।**

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर मृतिका बच्ची गंगा अपने पिता के लिए खेत पर पानी लेने गई थी। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला था। मामले में एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि बड़ागांव धसान निवासी महेश कुशवाहा बुधवार को अपने खेत पर काम कर रहे थे। उन्होंने अपनी बेटी गंगा को पीने के पानी की बोतल भरने के लिए भेजा था। गंगा अपने चचेरे भाई के पास गई, जिसने बोतल में पानी भर दिया। इसके बाद चचेरा भाई अपने कलश भरने में व्यस्त हो गया। जब गंगा काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो पिता ने आसपास उसकी तलाश शुरू की। गंगा का कहीं पता न चलने पर परिजनों ने बड़ागांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रात में ही मौके पर पहुंचकर खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिछले 48 घंटे से बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह, एसडीओपी राहुल कटरे और एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाह के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड सहित पुलिस बल बच्ची की तलाश में जुटा था। पुलिस ने बच्ची की खोज के लिए पांच अलग-अलग टीमें भी बनाई थीं।

## मत्स्य संपदा योजना के लिए चयनित वर्ग के मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि धरती आवा जनजातीय ग्राम उत्कृर्ष अभियान वर्ष 2025-26 हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समस्त गतिविधियों को शामिल किया गया है। धरती आवा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना बर्ष 2025-26 अंतर्गत टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले के चयनित ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।**

जिले के पात्र, इच्छुक आवेदक 15 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। योजना की बिस्तृत जानकारी कार्यालय से लें।

## 43 खाली प्लाटों को चिन्हित कर जारी किए नोटिस



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका परिषद ने शहर की कॉलोनियों में गंदगी और जलजमाव के लिए खाली प्लॉट मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। पहले चरण में शहर के ऐसे 43 प्लाटों को चिन्हित कर उनके मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनके भूखंडों में बारिश का पानी और बड़ी मात्रा में कचरा जमा है।**

दरअसल नगर पालिका परिषद के तहत शहर में 27 वार्डों में कई ऐसे खाली प्लॉटों हैं जिनमें बारिश का पानी भर जाता है और लोग उनमें कचरा फेंक देते हैं। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बदबू से रहवासी परेशान हैं। पूर्व में 26 सितंबर को स्वच्छता जन आंदोलन के तहत कुछ स्थानों पर सफाई की गई थी, लेकिन अब फिर से कचरा डाला जाने लगा है।

इस परेशानी से निजाद पाने के लिए नगर पालिका परिषद ने प्लॉट मालिकों को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि नोटिस में उल्लेख है कि प्लॉट में जमा कचरा और पानी बदबू फैला रहा है, जिससे मच्छर, लार्वा और डेंगू फैलाने वाले कीट पनप रहे हैं। यह स्थिति लोगों के जीवन के लिए खतरनाक है और घातक बीमारियों का कारण बन सकती है।

सीएमओ भदोरिया ने आगे बताया कि यह कृत्य नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 234, 235, 236, 239 और 240 के तहत दंडनीय अपराध है। नोटिस में प्लॉट मालिकों को खाली जमीन से कचरा हटाने और पानी का निकालने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी। शहर के सभी 27 वार्डों में ऐसे खाली प्लॉटों को चिन्हित करने का काम जारी है।

## प्रधानमंत्री ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने शुरू की योजना

पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया शुभारंभ

केन्द्रीय मंत्री, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल




**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को किसान भाई बहनों को 42 हजार प्लस करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार देते हुए पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया। साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन,मत्स्य पालन और खाद प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया।**

कार्यक्रम केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में कृषि महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, डा. अभय यादव, छत्रपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सहित संबंधित अधिकारीगण, लगभग 450 से अधिक कृषक बंधु, महिलाएं, कृषि सखियाँ, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस दौरान नई दिल्ली से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत 11 मंत्रालयों की 36 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। यह योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले छह वर्षों के लिए लागू की जाएगी और इसका उद्देश्य देश के 100 कम उत्पादकता वाले कृषि जिलों में व्यापक सुधार लाना है। इन 36 योजनाओं के समन्वय से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने और किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पूरे देश में उत्पादकता एक जैसी नहीं है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग फसलों की उत्पादकता भी अलग है।

इसलिए सरकार ने तय किया है कि कम उत्पादकता वाले जिले छांटे जाएंगे और उनमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष प्रयत्न किए जाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कम उत्पादकता वाले जिलों को यदि औसत स्तर पर भी ले आए तो देश के कुल उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। जरूरतें भी पूरी होंगी और उन जिलों के किसानों की आय भी बढ़ेगी। फिलहाल ऐसे 100 जिले चयन किए गए हैं, जिन पर केंद्रित होकर काम किया जाएगा और योजना के तहत इन जिलों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयत्न किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के 8 जिलों का चयन किया गया है, जिनमें अनूपपुर, डिंडोरी, अलीराजपुर, शहडोल, उमरिया, सीधी, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिले शामिल हैं।

**जागरुकता** लिधौरा नगर के विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

# पुलिस ने विद्यार्थियों को दिलाई साइबर सुरक्षा की शपथ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में साइबर सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते शनिवार को इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा की शपथ ली। इस दौरान उन्होंने डिजिटल सुरक्षा को अपनी आदत में शामिल करने का संकल्प लिया।**

कार्यक्रम में एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के निर्देश पर अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखना और डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने के व्यवहार को बढ़ावा देना है।

अभियान के तहत थाना लिधोरा क्षेत्र के एक विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए एक विशेष साइबर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ और नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रतिभागियों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, ईमेल या संदेश पर क्लिक नहीं करेंगे। साथ ही, अज्ञात या अविश्वसनीय एप्लिकेशन डाउनलोड नहीं करेंगे। उन्होंने अपने बैंक विवरण, पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ साझा न करने का भी संकल्प लिया। शपथ में यह भी शामिल था कि साइबर अपराध या ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटना होने पर वे तुरंत इसकी रिपोर्ट करेंगे। समय पर सूचना देने से आर्थिक नुकसान की भरपाई की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में साइबर सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते शनिवार को इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा की शपथ ली। इस दौरान उन्होंने डिजिटल सुरक्षा को अपनी आदत में शामिल करने का संकल्प लिया।

पुलिस प्रशासन द्वारा इन दिनों साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए तरह-तरह के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि लोगबाग ऑनलाईन ठगी से बच सकें। पुलिस का मानना है कि दीपावली पर्व के चलते ऑनलाईन ठगी करने वाले लोग ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

### पुलिस ने हेल्प लाईन नंबर पर शिकायत करने की दी सलाह

जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी साइबर चौपाल आयोजित कर ग्रामीण और शहरी नागरिकों को डिजिटल गिरफ्तारी और अन्य नए प्रकार के साइबर अपराधों से अवगत कराया गया। साइबर ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन - 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, नजदीकी थाना या साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।


## कार्यालय नगर परिषद, पलेरा, जिला- टीकमगढ़ (म .प्र .)

क्रमांक/लो .नि .वि ./निविदा/2025/1460 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — पलेरा, दिनांक 10/10/2025

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण विभाग की बेवसाईट www.mpetender.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_456 912 11/10/2025 | पशु क्रेचर वाहन क्रय किए जाने हेतु। | 01 माह 699859/- | 2000/- 7000/- | 11/11/2025 |
| 2 | 2025_UAD_456 913 11/10/2025 | वार्ड क्रमांक 12 में साप्ताहिक हाट बाजार में टीनशेड लगाए जाने का कार्य। | 03 माह 5588991/- | 10000/- 42000/- | 11/11/2025 |
| 3 | 2025_UAD_456 914 11/10/2025 | संजयनगर फिल्टर प्लांट से इंटेकवैल तक विद्युत केविल लगाए जाने का कार्य | 03 माह 419830/- | 2000/- 4200/- | 11/11/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, पलेरा